पत्र संख्या–02/M01-11/2026.......587

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

मनोरंजन कुमार
निदेशक(प्रशासन)।

सेवा में,

सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक
सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।

पटना, दिनांक.....14/05/2026

विषयः– **बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप सवंर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु वांछित सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप सवंर्ग) के पदाधिकारियों का सेवा इतिहास तैयार करने हेतु दिनांक 08.05..2026 तक आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराए जाने के निदेश के बावजूद अबतक मात्र 68 पदाधिकारियों द्वारा वांछित सूचनाएं उपलब्ध करायी गयी है।

2. सेवा इतिहास से संबंधित सूचना की प्राप्ति के संबंध में अपर मुख्य सचिव महोदय द्वारा की गयी समीक्षा में इसकी प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

3. इस संबंध में बिहार शिक्षा सेवा के सभी पदाधिकारियों के लिए निम्नांकित निदेश है–

(क) विहित प्रपत्र में सूचनाओं को अंकित करते हुए सभी संबंधित अभिलेख (स्व अभिप्रमाणित) की प्रति क्रमबद्ध रूप में एक फ्लाईलीफ (पत्रावरण) में संधारित करने के उपरांत पत्रावरण के पृष्ठ पर पदाधिकारी का नाम पदनाम वर्ष–2026 का सिविल लिस्ट क्रमांक एवं वर्तमान पदस्थापित कार्यालय/विभाग का नाम अंकित करते हुए **दिनांक 21.05.2026 तक** निश्चित रूपेण विभाग के प्रशाखा 2 में उपलब्ध कराया जाए।

(ख) इसके साथ ही सभी अभिलेखों/प्रमाण पत्रों का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट उदाहरणतः शैक्षणिक प्रमाण पत्र में स्नातक इत्यादि का अलग–अलग पी.डी.एफ., इसी प्रकार स्थानांतरण की स्थिति में अधिसूचना, प्रभार ग्रहण, प्रभार त्याग का अलग–अलग पी.डी.एफ. डाक्यूमेंट तैयार कर पेन ड्राईव (नाम के स्लीप के साथ) में भी उपलब्ध कराया जाए।

4. अनुरोध है कि उपर्युक्त से सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाए। निर्धारित तिथि तक सेवा इतिहास से संबंधित सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले पदाधिकारियों के विरूद्ध यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

विश्वासभाजन,
ह./–
(मनोरंजन कुमार)
निदेशक (प्रशासन)।

ज्ञापांक :–**02/M01-11/2026** ....587 पटना, दिनांक :– 14/05/2026

प्रतिलिपि :–बिहार शिक्षा सेवा (प्रशासन उप संवर्ग) के कार्यरत पदाधिकारियों को विभागीय वेबसाइट के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि यथानिर्दिष्ट अभिलेख दिनांक–21.05.2026 तक उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

ह./–
निदेशक (प्रशासन)।

ज्ञापांक :–**02/M01-11/2026** ....587 पटना, दिनांक :– 14/05/2026

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्/सचिव, शिक्षा विभाग/प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट टेक्स्ट बुक पब्लिशिंग कॉरपोरेशन लि./निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम/निदेशक (मा०शि०)/निदेशक (प्रा०शि०)/निदेशक (उ०शि०)/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना/निदेशक, जन शिक्षा/निदेशक, बिहार मुक्त विद्यालयी शिक्षण परीक्षा बोर्ड/निदेशक, पुस्तकालय एवं सूचना निदेशालय/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/सचिव, संस्कृत शिक्षा बोर्ड, पटना/सचिव, मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना/आई.टी. मैनेजर, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Signed by
निदेशक (प्रशासन) Manoranjan Kumar
Date: 13-05-2026 18:42:54